एक नजर में

1 लाख महिलाओं को वित्तीय साक्षर से बनाना

उज्जैन। भारत का पहला महिला-केंद्रित, सेबी-पंजीकृत बुटीक वेल्थ मैनेजमेंट प्लेटफ़ॉर्म धनवेस्टर ने एफव्हाय 2028 तक 1 लाख महिलाओं को वित्तीय साक्षरता और जागरूकता प्रदान करने का संकल्प लिया है। यह महत्वाकांक्षी पहल कंपनी के उस मिशन को रेखांकित करती है जिसके तहत महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता और आत्मविश्वास दिलाना है—चाहे वे छात्राएँ हों या अति-उच्च-निवल-मूल्य वाली महिलाएं यूएचएनआई। महिला-प्रथम वेल्थ प्लेटफ़ॉर्म का निर्माण अभी शुरुआती चरणों में होने के बावजूद, धनवेस्टर भारत के वेल्थ मैनेजमेंट क्षेत्र में एक साहसी बदलावकर्ता के रूप में उभरा है। जहां परंपरागत संस्थानों ने महिलाओं को अक्सर प्राथमिक निर्णयकर्ता नहीं माना, वहीं धनवेस्टर की स्थापना एक स्पष्ट उद्देश्य से हुई—महिला निवेशकों की सेवा करना। और यह काम एक महिला-नेतृत्व वाली टीम के नज़रिए से करना जो उनकी आकांक्षाओं और चुनौतियों को समझती है। इस अवसर पर धनवेस्टर की संस्थापक और सीईओ अनुष्का सोहम बथवाल ने कहा धनवेस्टर में हम हमेशा मानते हैं कि आर्थिक स्वतंत्रता, किसी महिला के लिए सशक्तिकरण का सबसे शक्तिशाली रूप है। लंबे समय से भारत की महिलाएं ईवीईएन जिनके पास पर्याप्त संपत्ति है—या तो वित्तीय चर्चाओं से बाहर रखी गईं या यह मानने पर मजबूर की गईं कि धन प्रबंधन उनका क्षेत्र नहीं है। हम इस सोच को बदलने के लिए मौजूद हैं। एफव्हाय 2028 तक 1 लाख महिलाओं को वित्तीय साक्षरता सिखाने का हमारा संकल्प केवल एक संख्या नहीं है—यह एक आंदोलन है। हर कार्यशाला, हर बातचीत और हर पोर्टफोलियो इस उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया है कि महिलाएँ आत्मविश्वास, स्पष्टता और साहस के साथ अपने आर्थिक भविष्य की कमान संभालें। चाहे वह पहली बार बचत करना सीखने वाली छात्रा हो, निवेश रणनीति तलाशने वाली पेशेवर महिला हो या फिर कोई जो परंपरागत संस्थानों से हटकर महिला-प्रथम प्लेटफ़ॉर्म का चुनाव करती है—हर कहानी हमारे इस विश्वास को और मजबूत करती है कि वेल्थ मैनेजमेंट का भविष्य समावेशी होना चाहिए। धनवेस्टर केवल एक बुटीक वेल्थ मैनेजर नहीं है यह महिलाओं द्वारा महिलाओं के लिए और महिलाओं के साथ बनाया गया प्लेटफ़ॉर्म है। 2028 तक हमारा उद्देश्य केवल 1 लाख महिलाओं तक पहुंचना नहीं है—हम एक ऐसी लहर पैदा करना चाहते हैं जो पूरी पीढ़ी की सोच को धन, शक्त और स्वतंत्रता की ओर बदल दे।

पीएम के कार्यक्रम में शामिल होंगे कार्यकर्ता

उज्जैन। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 17 सितम्बर को धार जिले में बदनावर क्षेत्र के भैंसोला दौरे को लेकर भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल के नेतृत्व में नगर व मंडलों की बैठक आयोजित की गई । बैठक में तय किया गया कि 17 सितंबर को नगर से लगभग 2000 से अधिक कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल होंगे। मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार बैठकों को संबोधित करते हुए भाजपा नगर अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अपने जन्मदिन 17 सितम्बर के दिन बदनावर क्षेत्र के भैंसोला में पीएम मित्र पार्क का भूमि पूजन करेंगे। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए उज्जैन नगर से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ भैंसोला पहुंचना है। अपने जन्मदिन पर वे मालवा क्षेत्र को मित्र पार्क के रूप में बड़ी सौगात देंगे। उससे मालवा एक बार फिर से देश का मुख्य व्यापारिक केन्द्र बनकर उभरेगा। पीएम मित्र पार्क क्षेत्र के साथ प्रदेश के कपास उत्पादक किसानों की समृद्धि का द्वार खोलेगा। यहां 2158 एकड क्षेत्र में 20 हजार करोड़ रूपए का निवेश सुनिश्चित होगा। इसके माध्यम से 3 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। टेक्सटाईल्स के क्षेत्र में प्रमुख 91 कंपनियों को निवेश प्रस्ताव के अनुरूप भूमि आवंटित होगी। बैठकों में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़े को लेकर भी कार्य योजना तैयार की गई। बैठक में तय किया गया कि प्रत्येक मंडल से कार्यकर्ता बसों से वो निजी वाहन से प्रात: 6 बजे रवाना होंगे । देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगवानी करने उज्जैन से सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम सभापति कलावती यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। बैठकों में महामंत्री जगदीश पांचाल, आनन्दसिंह खींची, कमल बैरवा, कल्याण शिवहरे, अशोक कैथवास, जितेन्द्र कृपलानी सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

प्रदेश के शिक्षकों का उज्जैन में किया सम्मान

उज्जैन। गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज की प्रांतीय इकाई ने प्रदेशभर के समाज के शिक्षकों का उज्जैन में भैरवगढ़ रोड पर अन्नपूर्णा गार्डन में सम्मान किया। अतिथि राष्ट्रीय संरक्षक सत्यनारायण शर्मा इंदौर, बुद्धि प्रकाश शास्त्री उज्जैन, राष्ट्रीय महिला सभा अध्यक्ष श्रीमती माया त्रिवेदी उज्जैन, फ्रीगंज शाखा के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, सिंहपुरी के अध्यक्ष राजेश व्यास, उर्दुपुरा अध्यक्ष के विजय शर्मा, कार्तिक चौक के अध्यक्ष उत्तम दुबे, पार्षद अर्पित दुबे थे। अध्यक्षता प्रांत अध्यक्ष पं. राजेश त्रिवेदी ने की। शिक्षकों को मध्य प्रदेश महर्षि गौतम शिक्षक गौरव सम्मान प्रदान किया। स्वागत रेखा शर्मा, संगीता शर्मा, जया शर्मा, डिंपल दुबे, पंकज दुबे, अखिलेश चौबे, बसंत त्रिवेदी ने किया। संचालन अनिल शर्मा ने किया व आभार सुबोध शर्मा ने माना।

मां की फटकार पर खाया जहरीला पदार्थ

उज्जैन। कक्षा दसवीं में पढ़ने वाले छात्र को मां ने देर रात तक घूमने पर फटकार लगाई तो पुत्र घर से निकल गया और जहरीला पदार्थ खा लिया। मंगलवार सुबह से उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। नानाखेड़ा क्षेत्र के आनंद नगर में रहने वाला प्रदीप पिता श्रीराम रामानी कक्षा दसवीं का छात्र है। रात में वह काफी देर तक दोस्तों के साथ घूमता रहता था। रात में भी जब काफी देर से घर लौटा तो मां गुड्डीबाई ने उसे जमकर फटकार लगाई। प्रदीप वापस घर से निकल गया और रात भर नहीं लौटा, मंगलवार सुबह उसके दोस्तों ने क्षेत्र में ही बेसुध हालत में देखा तो परिजनों को सूचना दी। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने जहरीला पदार्थ खाने से हालात बिगड़ना बताया और उपचार के लिए भर्ती किया। प्रदीप का कहना था कि वह मां की फटकार से नाराज हो गया था इसलिए जहरीला पदार्थ खाया है, डॉक्टर ने उसकी हालत खतरे से बाहर होना बताई है। मामले में नानाखेड़ा थाना पुलिस बयान दर्ज कर जांच शुरू करेगी।

मृतकों के वारिसों को आर्थिक सहायता स्वीकृत

उज्जैन। घट्टिया तहसील के ग्राम नईखेड़ी निवासी कृषक कुमार पिता सिध्दु की गत दिनों कृषि कार्य करते समय करंट लगने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने घट्टिया के राजस्व अनुविभागीय अधिकारी के प्रतिवेदन के अंतर्गत मृतक के वैध वारिसान सिध्दु को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इसी तरह कलेक्टर सिंह ने महिदपुर तहसील के ग्राम पाताखेड़ी निवासी प्रहलाद सिंह पिता रामलाल की खेत पर काम करते समय करंट लगने से गत दिनों मृत्यु होने पर उनकी वैध वारिस माता गंगाबाई पति रामलाल एवं मृतक की पत्नी लक्ष्मीबाई के संयुक्त खाते में चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

शासकीय भवनों को डिसमेंटल की स्वीकृति

उज्जैन। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने खाचरौद के तहसील कार्यालय एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय भवन को लोकनिर्माण विभाग की जांच रिपोर्ट की अनुशंसा के आधार पर डिसमेन्टल करने की अनुमति प्रदान की है। ज्ञात हो कि उक्त भवन लगभग सौ वर्ष से अधिक होकर जीर्ण शीर्ण अवस्था में है। कलेक्टर सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिये हैं।

योजनाओं पर हुआ मंथन, यूडीए अध्यक्ष आशीष सिंह पहुंचे विकास प्राधिकरण

सिंहस्थ को लेकर तेज हुई तैयारियां, क्षिप्रा विहार व प्रतिकल्पा कॉम्प्लेक्स के हितग्राही विज्ञप्ति का इंतजार कर रहे, बेगम बाग में अब तक 24 मकान ढहे

उज्जैन। संभाग आयुक्त एवं सह यूडीए अध्यक्ष आशीष सिंह मंगलवार को भरतपुरी स्थित विकास प्राधिकरण कार्यालय पहुंचे। उन्होंने यहां चल रही योजनाओं और निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप सोनी भी मौजूद रहे। यूडीए अब तक कई नई योजनाओं को आकार दे चुका है, जिनका उद्घाटन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जा चुका है। इनमें क्षिप्रा विहार और प्रतिकल्पा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स प्रमुख हैं।

विकास प्राधिकरण में लगभग 3 करोड़ से रिनोवेशन का कार्य चल रहा है, सभी चैंबर नए बनाए जा रहे हैं, संभाग आयुक्त का चैंबर भी लगभग तैयार है, वही सीईओ संदीप सोनी का चैंबर आखिरी में बनेगा, कर्मचारियों के चेंबर भी बनकर तैयार हो रहे हैं, नीचे संपदा शाखा तैयार कर दी गई है। सेंट्रल एसी भी लगाया गया है ,अब विकास प्राधिकरण में आने जाने वाले हितग्राहियों को यूडीए में कॉर्पोरेट लुक

व काफी रोमांचित कर रहा है। अध्यक्ष का चेम्बर मानो संभाग आयुक्त सह यूडीए अध्यक्ष आशीष सिंह का ही इंतजार कर रहा था। मंगलवार को वह अपने नए चेंबर में बैठे, हालांकि अभी उनके नेम प्लेट तैयार की जाना बाकी है।

सिंहस्थ के सफल आयोजन के लिए अतिरिक्त दायित्व सौंपे है। जिनमें संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 के सफल आयोजन के लिए नोडल अधिकारियों को अतिरिक्त दायित्व सौंपे हैं। इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। आदेश के तहत अपर आयुक्त उज्जैन संभाग रत्नाकर झा (आई ए एस) को मेला क्षेत्र प्रशासनिक कार्यालयों की व्यवस्था, वाहन व्यवस्था तथा बाह्य सड़क प्रबंधन, आयुक्त नगर पालिका निगम उज्जैन अभिलाष मिश्रा (आई ए एस) को सॉलिड वेस्ट मेनेजमेंट, अपर कलेक्टर तथा प्रशासक महाकालेश्वर प्रबंध समिति प्रथम कौशिक को श्री महाकालेश्वर मंदिर दर्शन व्यवस्था और अन्य प्रमुख मंदिरों की व्यवस्थाएं, सीईओ जिला पंचायत देवास ज्योति शर्मा को स्वास्थ्य सुविधाएं व कंट्रोल कमांड सेंटर, आयुक्त नगर पालिका निगम देवास दिलीप कुमार को सीवर संरचना, शौचालय सुविधाएं, सीईओ जिला पंचायत उज्जैन श्रेयांस कुमट को पेयजल व्यवस्था, क्वालिटी कंट्रोल के लिए सिस्टम, वन मंडलाधिकारी उज्जैन अनुराग तिवारी को घाटों की व्यवस्थाएं व नगर सौंदर्यीकरण का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार अपर आयुक्त नगर पालिका निगम उज्जैन संतोष टैगोर को प्रोटोकॉल व्यवस्था व अधिकारियों, कर्मचारियों के ठहरने की व्यवस्था, सीईओ यूडीए संदीप सोनी को भीड़ प्रबंधन तथा आंतरिक मार्ग व्यवस्था व लोक परिवहन, कार्यकारी निदेशक मप्र औद्योगिक क्षेत्र विकास निगम राजेश राठौर को पार्किंग व सेटेलाईट टाउन व्यवस्था, सीईओ जिला पंचायत मंदसौर अनुकूल जैन को संकेतक चिन्ह व सूचना प्रसारण और रेल्वे संबंधि निर्माण कार्य, संयुक्त कलेक्टर एवं उप मेला अधिकारी सिंहस्थ 2028 संदीप सिंह को प्रकाश व्यवस्था, सीईओ स्मार्ट सिटी संदीप शिवा को फायर प्लान, उपसंचालक धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व संचालनालय श्रेयस गोखले को मेला क्षेत्र में सांस्कृतिक गतिविधियां, प्रदर्शनी और पर्यटन गतिविधियों, अपर आयुक्त नगर पालिका निगम उज्जैन पवन सिंह को पेशवाई तथा शाही स्नान मार्गों की व्यवस्था, उपसंचालक पंचायत उज्जैन संभाग कीर्ति मिश्रा को मुख्य सड़कों के वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था, जिला ई गवर्नेंस प्रबंधक बिंदु डोडिया को टेलिकॉम सुविधाओं की व्यवस्था और उपसंचालक जनसंपर्क अरुण कुमार राठौर को मीडिया प्लान का दायित्व सौंपा गया है। उपरोक्तानुसार सौंपे गए संपूर्ण कार्यों की पूर्णता की जिम्मेदारी संबंधित नोडल अधिकारी की होगी, साथ ही संभागायुक्त सिंह के द्वारा समय समय पर कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

हितग्राही कर रहे विज्ञप्ति का इंतजार, 56 दुकान और होटल हब

विकास प्राधिकरण ने कई सारी बेहतर योजनाएं बनाई है। जिनके लिए निवेशक और हितग्राही दोनों इंतजार कर रहे हैं, जहां हितग्राही उत्सुकता से प्लॉट, फ्लैट और दुकानों के आवंटन हेतु विज्ञप्ति का इंतजार कर रहे हैं। सह यूडीए अध्यक्ष आशीष सिंह ने इन योजनाओं की अद्यतन जानकारी सीईओ संदीप सोनी से प्राप्त की। सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए यूडीए पुरानी और नई योजनाओं पर समानांतर कार्य कर रहा है। इसके लिए लगातार मीटिंगों का दौर जारी है। सिंह ने निर्माण कार्यों को समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इधर बेगम बाग क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। अब तक 24 से अधिक मकान तोड़े जा चुके हैं। जिन मकानों पर से स्टे आदेश खारिज हो रहा है, वहां कार्रवाई की जा रही है। आने वाले दिनों एक दो दिन में फिर से यूडीए का बुलडोजर बेगम बाग पहुंचेगा। विकास प्राधिकरण ने 56 दुकान और होटल हब के लिए एक बेहतर योजना बनाई है ,जिसका लोकार्पण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया है। यहां पर इंदौर ,देवास, भोपाल, ग्वालियर जबलपुर धार तक के निवेशक विकास प्राधिकरण में आकर चक्कर काट रहे हैं। सभी को योजना का लंबे समय से इंतजार था, विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष आशीष सिंह ने उक्त योजना पर संज्ञान लिया और नियम अनुसार विज्ञप्ति निकालने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

पुलिस की चेकिंग में पकड़ाए वाहन चोरी करने वाले युवक

आरोपियों में दो नाबालिग, 2.20 लाख की 4 बाइक बरामद

उज्जैन। वाहन चैकिंग में चोरी की बाइक पर घूम रहे दो युवकों को पुलिस ने हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने नाबालिग साथियों के साथ चोरी की वारदात करना कबूल कर लिया। नाबालिगो को गिरफ्तार कर कर बाइक बरामद की गई है।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल में बताया कि शंकराचार्य चौराहा पर वाहन चेकिंग का पॉइंट लगा था। दोपहिया वाहन चालकों की जांच कर दस्तावेज देखे जा रहे

थे। तभी बाइक पर सवार दो युवकों को रोका गया और दस्तावेज मांगे गये। दोनों दस्तावेज दिख नहीं पाए। शंका होने पर उसका शुरू की गई। बाइक चोरी की होना सामने आई। सख्ती करने पर दो नाबालिगों के साथ मिलकर चोरी करना कबूल कर लिया। पुलिस में नाबालिगों को हिरासत में लेकर चारो की निशानदेही पर चोरी की 4 बाइक बरामद कर ली। थाना प्रभारी के अनुसार बरामद की गई बाइक में दो महाकाल थाना, एक बड़नगर और एक भैरवगढ़ थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी। बरामद बाइक की कीमत 2 लाख 20 हजार रुपए होना सामने आई है। वाहन चोर विशाल उर्फ चीका पिता राजेश वर्मा 19 वर्ष निवासी गणेश नगर थाना भैरवगढ़, राज पिता श्याम बैरागी 24 वर्ष निवासी गली न 7 कोट मोहल्ला और दो नाबालिगों को पकड़ने में प्रधान आरक्षक शैलेष योगी, आरक्षक गोपाल, पंकज कुटरे, लक्ष्यदीप की भूमिका रही।

बाइक सवार युवक के पास मिला गांजा

उज्जैन। गांजा तस्करी की सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर बाइक सवार युवक को पकड़ा। जिसके पास से 850 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। मामले में मादक पदार्थ तस्करी का प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। तराना थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि बाइक पर सवार युवक गांजा लेकर आ रहा है। पुलिस ने लखविंदर नदी पुल के पास घेराबंदी की और एबी रोड नैनावद से युवक को पकड़ लिया। उसके पास से 850 ग्राम गांजा बरामद होने पर थाने लाया गया। पूछताछ में युवक का नाम रोहित जादौन निवासी कायथा होना सामने आया। मामले में एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। युवक ने गांजा शाजापुर से लाना कबूल किया है। प्लीज मामले की जांच कर रही है, गांजा उपलब्ध कराने वाले की गिरफ्तारी के लिए एक टीम रवाना की जाएगी।

वार्षिक साधारण सभा 18 सितंबर को

उज्जैन। सेन साख सहकारी संस्था मर्यादित की ग्यारहवीं वार्षिक साधारण सभा 18 सितंबर गुरुवार को सायं 4.30 बजे से 7.30 बजे तक श्री श्याम गार्डन ढांचा भवन रोड पर आयोजित की गयी है। सेन साख सहकारी संस्था मर्यादित अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण वर्मा के अनुसार नियत समय पर गणपूर्ति के अभाव में सभा की कार्रवाई आधे घण्टे के लिये स्थगित की जावेगी। स्थगित सम्मिलन की कार्यवाही उसी दिन, उसी स्थान पर आधे घण्टे पश्चात 5 बजे की जावेगी जिसमे गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। वार्षिक साधारण सम्मिलन में गत वार्षिक साधारण सभा 14 सितंबर 2024 की कार्रवाई विवरण की पुष्टि करना, वर्ष 2024-25 के वित्तीय स्थिति पत्रक (आय व्यय पत्रक, लाभ हानि पत्रक, स्थिति विवरण पत्रक) स्वीकृत करना। वर्ष 2025-26 के प्रस्तावित वार्षिक बजट पारित करना। वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक कार्यक्रम स्वीकृत करना। सहकारी विधान की धारा 49 (7) के अनुसार संचालकों पर बकाया ऋण व अग्रिम की जानकारी का अवलोकन करना। संस्था के वर्ष 2025-26 के लेखाओं की वैधानिक संपरीक्षा करवाने बाबत् विचार विमर्श व स्वीकृति सहित अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से सम्मिलित किये जा सकेंगे। वार्षिक साधारण सभा में संस्था के सभी सदस्यों से उपस्थित होने का अनुरोध अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण वर्मा ने किया है।

संभाग आयुक्त आशीष सिंह का अभिनंदन किया

उज्जैन। कोठी पैलेस स्थित संकुल भवन पर अजाक्स जिला उज्जैन द्वारा जिला अध्यक्ष डॉक्टर आर एल परमार के नेतृत्व में नवागत संभाग आयुक्त आशीष सिंह का गुलदस्ता देकर अभिनंदन किया। इस मौके पर पूर्व संभागीय सचिव रमेशचंद्र सूर्यवंशी, जिला सचिव अविनाश गुजराती, प्रवीण गहलोत, बी एल सिंदल, राजेश सूर्यवंशी आदि लोग उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी डी एल भीलवाड़ा ने दी।

जिले में आयोजित होंगे स्वास्थ्य शिविर

उज्जैन। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

अभियान का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारम्भ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मध्यप्रदेश के धार जिले में बुधवार 17 सितम्बर को किया जायेगा। स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत सिविल हॉस्पिटल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रात: 10 से दोपहर 4 बजे तक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। इनमें चिकित्सा विशेषज्ञ एवं चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य सेवायें प्रदान की जायेंगी। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सिविल हॉस्पिटल माधवनगर उज्जैन में 18 सितंबबर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र झारड़ा में 19 सितंबर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तराना में 20 सितंबर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इंगोरिया में 22 सितंबर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र माकड़ोन में 23 सितंबर, सिविल हॉस्पिटल नागदा में 24, सिविल हॉस्पिटल बड़नगर में 24, सिविल हॉस्पिटल खाचरौद में 25, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नरवर में 26, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घट्टिया में, 27 और सिविल हॉस्पिटल महिदपुर में 27 को स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इनमें विभिन्न स्वास्थ्य सेवायें-प्रसव पूर्व देखभाल (ए.एन.सी.) और मातृ एवं शिशु सुरक्षा, एनीमिया स्क्रीनिंग और मासिक धर्म स्वच्छता, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, वय वंदना कार्ड (70+), आयुष्मान भारत डिजीटल मिशन, एनसीडी, उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह स्क्रीनिंग, कैंसर स्कीनिंग, टीकाकरण, रक्तदान, सिकल सेल स्क्रीनिंग, टीबी स्कीनिंग, आयुष सेवाएं और मानसिक स्वास्थ्य सेवा भी प्रदान की जायेंगी।

खाने के पैसे मांगे तो बदमाशों ने ढाबा संचालक पर किया हमला

तीन के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज

उज्जैन। ढाबे पर खाना खाने आए युवकों से पैसे मांगे गए तो उन्होंने ढाबा संचालक से मारपीट की ओर तोड़फोड़ कर दी। बदमाशों ने धमकी दी कि ढाबा चलना है तो हमको रुपए देना होंगे। पुलिस ने तीन नामजद बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

तराना बस स्टैंड पर करण पिता कमल बैरागी ढाबा संचालित करता है। रात में आधा दर्जन के लगभग युवक खाना खाने पहुंचे थे। ढाबा संचालक ने उनसे रुपए मांगे तो बदमाशों ने गदर मचाना शुरू कर दिया। उनका कहना था कि पहले भी हमसे पैसे मांगे गए हैं। यहां पर ढाबा चलना है तो हमको पैसे देना होंगे। संचालक कारण बैरागी ने बदमाशों का विरोध किया तो उसके साथ मारपीट शुरू कर दी गई। बदमाश यही नहीं रुके उन्होंने काउंटर और ढाबे में लगी एलईडी के साथ टेबल कुर्सियों में तोड़फोड़ कर दी। बस स्टैंड पर बदमाशों का गदर देख अफरा तफरी का माहौल बन गया। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस ढाबे पहुंची लेकिन बदमाश भाग निकले थे। करण बैरागी की शिकायत पर पुलिस ने कुंदन गुर्जर, लाडसिंह, लखन गुर्जर के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज किया है। ढाबा संचालक का कहना था कि तीनों के साथ अन्य बदमाश साथी भी थे। पूर्व में भी ढाबे पर आकर खाने के पैसों को लेकर विवाद कर चुके हैं। बताया जा रहा है कि तोड़फोड़ और ढाबा संचालक से मारपीट करने वाले अपराधिक प्रवृत्ति के हैं।

ब्लैकमेलिंग के आरोपी ने अस्पताल से भागने का किया प्रयास

उज्जैन। वक्फ मस्जिद उपाध्यक्ष को ब्लैकमेल करने और हाईकोर्ट में फर्जी शपथ देकर गलत याचिका लगाने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सोमवार शाम पुलिस मेडिकल परीक्षण के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंची थी, तभी वाहन से कूदकर एक आरोपी ने भागने का प्रयास किया। 11 सितंबर को वक्फ मस्जिद और मजार मदारगेट कमेटी के उपाध्यक्ष हारुर पिता नूर मोहम्मद नागौरी निवासी दादाभाई नौराजी मार्ग माणकपुरा ने खाराकुंआ थाना पुलिस को फर्जी दस्तावेज बनाकर ब्लैकमेल करने वाले सलीम पिता मोहम्मद सत्तार, अय्युब अहमद पिता याकूब खान और अमजद हुसैन पिता मम्मू खां निवासी गांधी वार्ड सोहागपुर जिला नर्मदापुरम के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया था, पुलिस ने धारा 338, 336 (3), 308, 308 (7), 3 (5) का प्रकरण दर्ज कर शनिवार रात तीनों को गिरफ्तार कर लिया था। सोमवार दोपहर तीनों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से 20 सितंबर तक पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया। इस दौरान अय्युब ने न्यायालय परिसर में नौटंकी शुरू कर दी, उसने चक्कर आने का नाटक किया और गिर गया। पुलिस न्यायालय से तीनों शासकीय वाहन में मेडिकल परीक्षण के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंची। इस दौरान वाहन से निकलकर अय्युब भाग निकला, उसने अस्पताल का गेट कूदने का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों ने उसका पीछा किया और पकड़ लिया। जिसे मेडिकल परीक्षण के बाद खाराकुंआ थाने ले जाया गया।

कृष्ण गुरुकुल यात्रा — **शुभारंभ मथुरा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे और समापन उज्जैन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे**

कृष्ण जिस मार्ग से मथुरा से उज्जैन आए वहां 5 से 9 अक्टूबर तक निकलेगी यात्रा

नवभारत न्यूज

उज्जैन। 5 से 9 अक्टूबर तक यूपी के मथुरा से एमपी के उज्जैन तक श्री कृष्ण गुरुकुल शिक्षा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा का शुभारंभ 5 तारीख को यूपी के मथुरा में सीएम योगी आदित्यनाथ व सांसद हेमा मालिनी द्वारा किया जाएगा तो इसका समापन 9 तारीख को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे।

ये यात्रा तीर्थ पुरोहित महासंघ, धर्म यात्रा महासंघ द्वारा निकाली जा रही है। यात्रा के संबंध में चर्चा हेतु एवं मुख्यमंत्री को इसमें शामिल होने का निमंत्रण देने के लिए महासंघ का प्रतिनिधि मंडल भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिला। प्रतिनिधि मंडल में धर्म यात्रा महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष अशोक कोटवानी, तीर्थ पुरोहित महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष पं. मनीष अर्जुन उपाध्याय तथा यात्रा के संयोजक तीर्थ पुरोहित महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री पं, सुरेंद्र चतुर्वेदी, राजीव शर्मा शामिल थे। तीर्थ पुरोहित महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष पं. मनीष अर्जुन उपाध्याय ने बताया कि उक्त यात्रा भगवान श्री कृष्ण, बलराम मथुरा से जिस मार्ग से चलकर उज्जैन में विद्या अध्ययन के लिए आए थे उसी मार्ग से होकर निकाली जाएगी।

ओलंपिक खिलाड़ी पीटी उषा ने लिया भगवान महाकाल का आशीर्वाद

भारतीय ओलंपिक खिलाड़ी एवं पद्मश्री पीटी उषा ने मंगलवार को उज्जैन में महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने पति के साथ गर्भगृह के बाहर से खड़े होकर भगवान का आशीर्वाद लिया। मंदिर के पुजारी आशीष गुरु ने उनका पूजन कराया। पीटी उषा ने मीडिया से कहा कि भगवान महाकाल जी के बारे में काफी समय से सुनती आ रही हूं। आज उनके दर्शन की इच्छा पूरी हो गई। उन्होंने भगवान से भारत में खेलों की उन्नति और देश में ओलंपिक आयोजन में प्रधानमंत्री मोदी के सपने की पूर्ति के लिए भी विशेष रूप से प्रार्थना की।

ईश्वर की प्राप्ति इसी जन्म में की जा सकती है

उज्जैन। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता की असीम कृपा से कटनी से पधारे मिथिलेश चौबे के सानिध्य में विशाल निरंकारी सत्संग का आयोजन उज्जैन स्थित महाकाल सिंधी कॉलोनी में किया गया। जिसमें सैकड़ों निरंकारी भक्तों ने सम्मिलित होकर गुरु वाणी सुनी। त्रिलोक बेलानी और मीडिया सहायक विनोद गज्जर ने बताया कि धार्मिक नगरी उज्जैन में सोमवार को शाम 5 से 7 बजे तक महाकाल सिंधी कॉलोनी में विशाल निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें ईश्वर की प्राप्ति इसी जनम में की जा सकती है। विषय पर सत्संग हुआ। कटनी से पधारे दास मिथिलेश चौबे ने बताया कि 5 तत्व से मिला शरीर मोन से ही प्राप्त हुआ है। वही आगे धार्मिक नगरी उज्जयिनी का महत्व बताते हुए बताया कि राम यहां आए कृष्ण यहां आए विक्रमादित्य जैसे महाप्रतापी राजा यहां आए और कालों के भी काल महाकाल भी यहां विराजित हैं। श्री राम जी से लक्ष्मण ने पूछा जीव क्या है, भ्रम क्या है, माया क्या है, जिस पर राम बोलते हैं मोह माया भ्रम, सब माया ही तो है, तेरा मेरा ही माया है फिर जो क्या है जो स्वयं की भांजा नहीं करता वह जीव है। वही श्रीकृष्ण का उल्लेख करते हुए कबीर दास जी का उल्लेख किया।